

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित हुए

रतलाम। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा 30 जुलाई को खेतलपुर हनुमान मंदिर के पास पानी की टंकी परिसर में वृक्षारोपण व श्रम दान कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद श्रीमती अनिता कटारा की उपस्थिति में जन शिक्षण संस्थान की अनुदेशिकाओ, खेतलपुर की महिलाओं व बालिकाओं ने श्रमदान कर पौधारोपण किया। जिसमें जीवन उपयोगी वृक्ष बिल्वपत्र, पीपल, अशोक के पौधे रोपित किये गए । इस कार्यक्रम में श्रीमती अनिता कटारा द्वारा कोविड 19 में सावधानियां कैसे रखे से अवगत करवाया। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी श्री रघुवीर सिंह सिसोदिया ने शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की एवं संस्थान कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पुराने अभिलेखो के निराई संस्थान निदेशक श्रीमती कल्पना पुरोहित की उपस्थिति में संस्थान कर्मचारियों व अनुदेशको द्वारा की गई। जूनी कलाल सेरी प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियो को प्रमाणपत्र वितरित किये गए । इन्दौर समाचार 1/8/21

इन्दौर समाचार 1-8-2021

# स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित हुए

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

1-8-2021



स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान रतलाम द्वारा 30 जुलाई को खेतलपुर हनुमान मंदिर के पास पानी की टंकी परिसर में वृक्षारोपण व श्रम दान कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद श्रीमती अनिता कटारा की उपस्थिति में जन शिक्षण संस्थान की अनुदेशिकाओ, खेतलपुर की महिलाओं व बालिकाओं ने श्रमदान कर पौधारोपण किया।

जिसमें जीवन उपयोगी वृक्ष बिल्वपत्र, पीपल, अशोक के पौधे रोपित किये गए । इस कार्यक्रम में श्रीमती अनिता कटारा द्वारा कोविड 19 में सावधानियां कैसे रखे से अवगत करवाया। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी श्री रघुवीर सिंह सिसोदिया ने शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की एवं संस्थान कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पुराने अभिलेखो के निराई संस्थान निदेशक श्रीमती कल्पना पुरोहित की उपस्थिति में संस्थान कर्मचारियों व अनुदेशकों द्वारा की गई। जूनी कलाल सेरी प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए ।

प्रसारण

1-8-2021

# निगम सचिव जसवंत जोशी सेवानिवृत्त

1-8-2021

रतलाम ● स्वदेश समाचार
नगर निगम परिषद विभाग के निगम सचिव जसवंत जोशी के सेवानिृत्त
होने पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। उपायुक्त विकास सोलंकी,
कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री एम.के. जैन, लेखाधिकारी
विजय बालोद्रा, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, निज सहायक सुभाष
गोयल, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्र पुरोहित के अलावा राजेन्द्रसिंह गेहलोत,
हेमन्त सोलंकी, हरेश जोशी, श्रीमती प्रफ्फुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा
कुरेशी आदि ने श्री जसवन्त जोशी को हार पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर,
शाल-श्रीफल, प्रशस्ती पत्र व उपहार भेंट कर तथा साफा बांधकर सम्मान
कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभागीय
अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



1-8-2021

# निगम सचिव जसवंत जोशी सेवानिवृत्त, साथियों ने सेवा काल याद किया

रतलाम। नगर निगम परिषद विभाग के निगम सचिव जसवंत जोशी की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण हो जाने पर कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत भाव-भीनी विदाई दी गई।



उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री एम.के. जैन, लेखाधिकारी विजय बालोदा, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, निज सहायक सुभाष गोयल, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्र पुरोहित के अलावा राजेन्द्रसिंह गेहलोत, हेमन्त सोलंकी, हरेश जोशी, श्रीमती प्रफ्फुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा कुरेशी आदि ने जसवन्त जोशी को हार पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर, शाल-श्रीफल, प्रशस्ती पत्र व उपहार भेंट कर तथा साफा बांधकर सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

1-8-2021

# निगम सचिव जसवंत जोशी सेवानिवृत्त



प्रकाश न्यूज़ • रतलाम

1-8-2021

नगर निगम परिषद विभाग के निगम सचिव जसवंत जोशी की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण हो जाने पर कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत भाव-भीनी विदाई दी गई।

उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री एम.के. जैन, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, निज सहायक सुभाष गोयल, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्र पुरोहित के अलावा राजेन्द्रसिंह गेहलोत, हेमन्त सोलंकी, हरेश जोशी, श्रीमती प्रफ्फुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा कुरेशी आदि ने जसवन्त जोशी को हार पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर, शाल-श्रीफल, प्रशस्ती पत्र व उपहार भेंट कर तथा साफा बांधकर सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

1-8-2021

# निगम सचिव जसवंत जोशी सेवानिवृत्त




रतलाम। नगर निगम परिषद विभाग के निगम सचिव जसवंत जोशी की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण हो जाने पर कोविड-19 प्रोटोकॉल के तहत भाव-भीनी विदाई दी गई।

उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, उपयंत्री एम.के. जैन, लेखाधिकारी विजय बालोदा, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, निज सहायक सुभाष गोयल, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्र पुरोहित के अलावा राजेन्द्रसिंह गेहलोत, हेमन्त सोलंकी, हरेश जोशी, श्रीमती प्रफ्फुलता तिवारी, श्रीमती नाहिदा कुरेशी आदि ने जसवन्त जोशी को हार पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर, शाल-श्रीफल, प्रशस्ती पत्र व उपहार भेंट कर तथा साफा बांधकर सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

रतलाम आने वाले व्यक्ति को कोरोना कंट्रोल रूम पर देना होगी जानकारी

# केरल से आने वालों को रोकने अब धारा 144, नियंत्रण कक्ष रखेगा नजर

पत्रिका
महामारी से महामुकाबला




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना की दूसरी लहर से बिगड़ा हालातों के बाद अब प्रशासन तीसरी लहर से निपटने के लिए हर कदम फूंक-फूंक कर रख रखा है। यही कारण है कि केरल राज्य में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण को देख कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किया है कि रतलाम जिले की राजस्व सीमा के भीतर निवासरत व्यक्ति के घर यदि केरल राज्य से कोई व्यक्ति आता है तो उसकी सूचना कोरोना कंट्रोल रुम पर अनिवार्य रुप से देना होगी। फिर वह व्यक्ति चाहे पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, भाई-बहन या अन्य कोई भी व्यक्ति हो।

केरल से आने वाले लोगों को जानकारी देने के लिए कंट्रोल रूम का नंबर भी प्रशासन ने जारी कर दिया है जिसके माध्यम से वह प्रशासन को उनके यहां आने की जानकारी दे सकते हैं। दरअसल संक्रमण के दूसरे दौर में रतलाम के हालात बहुत नाजुक हो चुके थे जिसके चलते शासन को बड़े निर्णय लेते हुए तत्कालीन कलेक्टर सहित मेडिकल कॉलेज के डीन को भी हटाना पड़ा था।

### यह दिए निर्देश

बाहर से आने वालों के लिए कंट्रोल रुम पर जानकारी देना अनिवार्य है। ऐसे व्यक्ति अनिवार्यतः सात दिन के लिए होम क्वारंटाइन रहेंगे। ऐसे व्यक्ति जो सात दिवस से कम अवधि के लिए जिले में आएंगे। उन्हें 48 घंटे के भीतर आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### जानकारी नहीं देने पर होगी कार्रवाई

कोरोना वायरस से पीड़ित, संक्रमित व्यक्ति केरल राज्य से आए किसी व्यक्ति की जानकारी न देना, तथ्यों को छुपाना व कोरोना वायरस से पीडित एवं संदिग्ध व्यक्ति जिसे कि होम आइसोलेशन, आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है, ऐसा कोई व्यक्ति बिना सूचना, डॉक्टर या सक्षम प्राधिकारी की बिना अनुमति के चला जाता है तो उक्त कृत्य भारतीय दण्ड संहिता की धारा 269, 336 के तहत दण्डनीय अपराध है तथा उल्लंघन करने पर विधि सम्बद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### यह है जिले के हालात

| | |
|---|---|
| अब तक कुल संदिग्धों की जांच | अब तक कुल मौत संख्या |
| 240722 | 311 |
| अब तक आई कुल जांच रिपोर्ट | अब तक कुल डिस्चार्ज संख्या |
| 239562 | 17187 |
| अब तक कुल संक्रमित | एक्टिव मरीज संख्या |
| 17500 | 2 |

### यह है कोरोना कंट्रोल रूम का नंबर

| | |
|---|---|
| रतलाम शहर | सैलाना |
| 07412-242400 | 07413 278630 |
| रतलाम ग्रामीण | जावरा |
| 8827313364 | 8602457916 |
| | आलोट |
| | 230428 |

# केरल से आने वाले अब 7 दिन होम क्वारेंटाइन रहेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

केरल से कोई व्यक्ति आता है तो इसकी जानकारी कोरोना कंट्रोल रूम पर देना जरूरी है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किया है कि जिले की राजस्व सीमा के भीतर निवासरत व्यक्ति के घर यदि केरल राज्य से कोई व्यक्ति आता है तो उसकी सूचना कोरोना कंट्रोल रूम पर अनिवार्य रूप से देना

केरल राज्य से आने वाले व्यक्ति को आने की सूचना शहर के कोरोना कंट्रोल रूम के दूरभाष नं. 07412-242400, रतलाम ग्रामीण 8827313364, सैलाना 07413-278630, जावरा 8602457916 तथा आलोट 07410-230428 कंट्रोल रूम पर अनिवार्य रूप से देना होगी। ऐसे व्यक्ति अनिवार्यतः सात दिन के लिए होम क्वारेंटाइन रहेंगे। ऐसे व्यक्ति जो सात दिवस से कम अवधि के लिए जिले में आएंगे उन्हें 48 घंटे के भीतर

# बाल चिकित्सालय से शास्त्री नगर मार्ग को चौड़ा किया जाए

## रिनोवेशन के दौरान बदलाव के लिए दिए सुझाव

रतलाम। बाल चिकित्सालय जीपीओ रोड से शास्त्री नगर जाने वाले मार्ग के के चौड़ीकरण और एमसीएच में सुविधाओं को लेकर जागरूक नागरिक अनिल पेंडसे ने कलेक्टर को पत्र लिख सुझाव दिए हैं।

पत्र में अवगत कराया गया कि बाल चिकित्सालय की वर्तमान बाउंड्रीवाल को ही रोड डिवाइडर का रुप देते हुए वर्तमान मार्ग की चौड़ाई के बराबर की चौड़ाई परिसर के अंदर बढ़ाई जाना चाहिए। परिसर में रेडक्रास मेडिकल की दुकान व प्याऊ को भी एमसीएच में उपहार गृह के पास स्थानांतरित किया जा सकता है। एमसीएच मुख्य द्वार ही बाल चिकित्सालय का मुख्य द्वार समझा जाना चाहिए। अत्यंत आवश्यक होने पर शास्त्री नगर वाले हिस्से में पैदल आने जाने के लिए छोटा गेट रखा जा सकता है।

नई दुनिया

नई दुनिया 1-8-2021

## परेशानी : गड्ढों से गिर रहे राहगीर



पत्रिका 1-8-2021

अधिकारियों की तय की जिम्मेदारी

# अन्न उत्सव को लेकर प्रशासन हुआ सख्त, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

रतलाम. प्रदेश के साथ रतलाम जिले में सात अगस्त को अन्न उत्सव का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर द्वारा जिले के अधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए और निचले स्तर पर भी सभी की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। साथी ही सभी को हिदायत दी गई है कि यदि लापरवाही बरती तो कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आयोजन को लेकर जिले के समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगर निकाय एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यह आयोजन पूरे प्रदेश का महत्वपूर्ण आयोजन है। यह आयोजन प्रदेश को पूरे देश में रिप्रेजेंट करेगा इसलिए इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहना चाहिए। व्यवस्थाओं को लेकर कोई कोताही भी नहीं बरतें।

खाद्यान्न को झोले में वितरित किया जाएकलेक्टर ने अन्न उत्सव आयोजन के लिए की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को "अन्न उत्सव" में दिया जाने वाले खाद्यान्न को झोले में वितरित किया जाएगा। जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों, सभी सहकारी समितियों, भंडारों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों को नियमित रूप से खोला जाए तथा वितरित की जाने वाली सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखा जाए।

## रंगाई-पुताई कार्य हो

हितग्राहियों को सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं के लिए दुकान पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। प्रत्येक दुकान की सफाई के साथ रंगाई-पुताई का कार्य तथा खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने का कार्य करें। उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाली सहकारी संस्था का नाम, दुकान का नाम, सामग्री वितरित किए जाने वाले ग्रामों के नाम आदि आवश्यक जानकारी बोर्ड पर अंकित कर प्रदर्शित की जाए। संस्था द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विवरण एवं उसके अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं का विवरण दुकान के भवन पर स्थाई पेंट से लिखवाया जाकर प्रदर्शित किया जाए। उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेनो को निर्देशित किया गया है कि दुकान पर योजना के बैनर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के चित्र भी प्रदर्शित किए जाए।

पत्रिका 1-8-2021

# रतलाम शहर और जावरा के रोजाना में होंगे बड़े आयोजन

रतलाम। प्रदेशस्तर पर सात अगस्त को होने वाले अन्न उत्सव को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शनिवार को सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगर निकाय एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि उपभोक्ताओं को अन्न उत्सव में दिया जाने वाला खाद्यान्न झोले में वितरित किया जाएगा। सभी उचित मूल्य की दुकानों, सहकारी समितियों, भंडारों द्वारा संचालित दुकानों को नियमित रूप से खोला जाए। साफ-सफाई कर खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने का कार्य करें। इस कार्यक्रम का टीवी पर भी प्रसारण होगा। इसके लिए सभी कार्यक्रम स्थलों पर टीवी सेट रखकर प्रसारण की व्यवस्था करें। रतलाम शहर और जावरा के ग्राम रोजाना में उत्सव के तहत बड़े आयोजन होंगे। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व कर ली जाए।

नईदुनिया 1-8-2021

# आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही, आठ कर्मचारियों को नोटिस जारी

## शहर में अब तक 4746 कार्ड बनाए गए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आयुष्मान भारत निरामयम योजना में आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही करने और लक्ष्य अनुरूप कार्ड नहीं बनने पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शाखा के सभी आठ कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। सभी से तीन दिन में जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शहर में अब तक 4746 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इनमें से भी 2203 के राशन दुकानों पर चल रहे विशेष कार्य में बनाए गए हैं। वहीं लगभग 2543 कार्ड बार दलों ने पहले ही बना दिए थे। आयुक्त झारिया ने बताया पात्र हितग्राही समग्र आईडी, आधार कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची लेकर उचित मूल्य दुकानों पर कार्ड बनवा सकते हैं। यह प्रोग्राम लगातार चलेगा।

## जोन कार्यालयों पर लिए जा रहे आवेदन

कोरोना काल में बेरोजगार हुए लोगों को रोजगार देने के लिए नगर निगम पथ विक्रेता पीएम स्वनिधि योजना में 10 हजार का ब्याज मुक्त ऋण भी दे रहा है इसके लिए सफाई के चारों जोन पर ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त झारिया ने बताया नगरीय क्षेत्र के ऐसे पथ विक्रेता जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में सहायता नहीं मिल पाई है। वे अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, डॉ. आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउंड, अमृतसागर बगीचा और हरमाला पंप हाउस कार्यालय पर ऑनलाइन आवेदन करा सकते हैं।

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 19 व्यक्तियों से 6250 रुपए की जुर्माना राशि वसूली

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 1-8-2021



कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 30 जुलाई को 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी व अतिक्रमण करने पर जितेन्द्र राठौड़ डीआरएम ऑफिस के सामने पर 1500, शकुर बिरियाखेड़ी, अमृतलाल कस्तुरबा नगर रोड, जितेन्द्र पाटीदार पावर हाउस रोड पर 500-500, भुट्टा बाजार क्षेत्र में 5 व्यक्तियों पर 250-250 व राम मंदिर क्षेत्र में एक सब्जी विक्रेता, लेखन प्रेम चिराग, मोहन, दिलीप, मनोहर, रोहित, पंकज, नन्दकिशोर, शिव शंकर व शैलेन्द्र पर 100-100 रुपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान द्वारा की गई।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े मो. नं. 7471144931, किरण चौहान मो.नं. 7471144932, विनय चौहान मो.नं. 8770535145, विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश शिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेश ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ स्व%छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

राजएक्सप्रेस
1-8-2021

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए

# अन्न उत्सव आयोजन जिले में वृहद स्तर पर आयोजित किया जाए

रतलाम। प्रदेश में सात अगस्त को अन्न उत्सव का आयोजन होगा जिसमें जिले में भी वृहद स्तर आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आयोजन को लेकर जिले के समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगर निकाय एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यह आयोजन पूरे प्रदेश का महत्वपूर्ण आयोजन है। यह आयोजन प्रदेश को पूरे देश में रिप्रेजेंट करेगा इसलिए इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहना चाहिए। व्यवस्थाओं को लेकर कोई कोताही भी नहीं बरतें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण एसडीएम एम.एल. आर्य, जिला पूर्ति अधिकारी एच.एस. चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने अन्न उत्सव आयोजन के लिए की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को अन्न उत्सव में दिया जाने वाले खाद्यान्न को झोले में वितरित किया जायेगा। जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों, सभी सहकारी समितियों, भंडारों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों को नियमित रूप से खोला जाये तथा वितरित की जाने वाली सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखा जावे। हितग्राहियों को सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं हेतु दुकान पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकान की सफाई के साथ रंगाई-पुताई का कार्य तथा खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने का कार्य करें। उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाली सहकारी संस्था का नाम, दुकान का नाम, सामग्री वितरित किए जाने वाले ग्रामों के नाम आदि आवश्यक जानकारी बोर्ड पर अंकित कर प्रदर्शित की जावें। संस्था द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विवरण एवं उसके अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं का विवरण दुकान के भवन पर स्थाई पेंट से लिखवाया जाकर प्रदर्शित किया जाये। उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेनो को निर्देशित किया गया है कि दुकान पर योजना के बैनर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के चित्र भी प्रदर्शित किये जाये। इस कार्यक्रम का टीवी पर भी प्रसारण होगा। इसके लिए सभी कार्यक्रम स्थलों पर टीवी सेट रखकर प्रसारण की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लिंक पृथक से भेजी जायेगी। इस कार्यक्रम हेतु समय पर पर्याप्त उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधि भी दुकान पर उपस्थित रहें। यह संख्या 100 से अधिक रहे, प्रत्येक दुकान पर एक शासकीय नोडल अधिकारी होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी एसडीएम, नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित करें और उन्हें आयोजन को लेकर ताकीद करें। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को उत्सव में अन्न प्रदान किया जाना है उन्हें एक दिन पूर्व आमंत्रित किया जाए, उनकी सूची पूर्व से बना ली जाए। उनके बैठने की पर्याप्त व्यवस्था आयोजन स्थल पर की जाए। आयोजन में जनप्रतिनिधियों को अतिथि के बतौर उपस्थित करने हेतु आमंत्रित किया जाए। साथ ही ग्रामवार क्राइसिस मैनेजमेंट कमिटी, सतर्कता समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाए।

## रतलाम शहर और ग्राम रोजाना में बड़े आयोजन

उन्होंने कहा कि रतलाम शहर और जावरा के ग्राम रोजाना में उत्सव के तहत बड़े आयोजन होना है, इसलिए इन दोनों कार्यक्रमों को गरिमामय रूप से आयोजित किया जाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय पूर्व कर ली जाए। जावरा एसडीम को भी उन्होंने निर्देशित किया कि आयोजन स्थल पर पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें, इसके साथ ही लोगों को इस योजना के बारे में जानकारी दी जाए। रचनात्मक रूप से लोगों तक इस आयोजन की जानकारी पहुंचे।

इन्दौर समाचार
1-8-2021

# 1169 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

**रतलाम।** नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहें पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 30 जुलाई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1169 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 30 जुलाई को पोलोग्राउण्ड, कालिका माता, मिड टाउन रोड आदि क्षेत्रों से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहे को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। 1-8-2021

1-8-2021

# तीसरी लहर को लेकर रहें सचेत: सीएम

## शिवराज सिंह ने की टीकाकरण की समीक्षा



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रभारी मंत्रियों, कोविड प्रभारी अधिकारियों, संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टर्स के साथ प्रदेश में कोविड नियंत्रण एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए सचेत किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर नियंत्रित हुई है, परंतु तीसरी लहर की संभावनाएं अभी समाप्त नहीं हुई हैं। केरल एवं महाराष्ट्र राज्यों में अभी भी बड़ी संख्या में कोरोना के प्रकरण आ रहे हैं। अतः पूरी सतर्कता एवं सावधानियां रखें तथा तीसरी लहर संबंधी तैयारियां पूरी मुस्तैदी से करें। कार्य में थोड़ी भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना टीकाकरण का कार्य तेज गति से किया जाए। केंद्र से प्रदेश को पर्याप्त संख्या में वैक्सीन मिल रही है तथा आगे भी मिलती रहेगी। कोरोना टीकाकरण में देश में प्रदेश का चौथा स्थान है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति, तीसरी लहर की तैयारियों तथा टीकाकरण कार्य की समीक्षा कर रहे थे। कोरोना की समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश में कोरोना के 121 एक्टिव प्रकरण हैं। वहीं 10 नए प्रकरण आए हैं। प्रदेश में लगभग 70 हजार टेस्ट रोज हो रहे हैं। पॉजिटिविटी रेट 0.01 प्रतिशत है। कोरोना संक्रमण में प्रदेश देश में 30वें स्थान पर है।

### कलेक्टर सुनिश्चित करें समय पर तैयारियां

चौहान ने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों में तीसरी लहर की तैयारियों में अस्पतालों में बिस्तर बढ़ाने, ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना, आईसीयू वार्ड्स, सिटीस्केन और अन्य जांच व्यवस्थाएं, आवश्यक दवाओं की व्यवस्था, विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, तकनीशियन आदि की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करें।

### 47 प्रतिशत व्यक्तियों को लगा पहला डोज

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 47 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन का पहला डोज लग चुका है, वहीं 9 प्रतिशत को दूसरा डोज लगा है। दूसरा डोज लगाने पर विशेष ध्यान दें। चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना वैक्सीन के दूसरे डोज के लिए टीकाकरण केंद्रों पर अलग व्यवस्था करें। गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए विशेष व्यवस्था को जारी रखें समीक्षा में पाया गया कि पन्ना, सीधी एवं अलीराजपुर जिलों में तुलनात्मक रूप से वैक्सीनेशन का कार्य धीमा है। इन सभी जिलों में वैक्सीनेशन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। वैक्सीनेशन के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

1-8-2021

# संकट का साया, 10 अगस्त तक सख्ती बढ़ाई

## कोरोना की तीसरी लहर ● सरकार चौकन्नी, मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को सतर्क रहने के दिए निर्देश

1-8-2021

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार चौकन्नी हो गई है और कोरोना कर्फ्यू के समय जारी गाइडलाइन के जरिये प्रदेश में 10 अगस्त तक सख्ती बढ़ा दी है। गृह विभाग ने 10 अगस्त तक गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश शनिवार को जारी कर दिए हैं। इसके तहत रात का कर्फ्यू (11 से छह बजे तक) भी जारी रहेगा। हालांकि सरकार ने दो दिन पहले ही कलेक्टरों से रात का कर्फ्यू समाप्त करने को लेकर राय मांगी थी।

केरल में लगातार चौथे दिन 20 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं और पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में भी कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। इन्हें देखते हुए सरकार ने 31 जुलाई तक लागू की गई गाइडलाइन की सख्ती आगे बढ़ाई है, वहीं सरकार ने सभी कलेक्टरों को सतर्क रहने के निर्देश भी दिए हैं। प्रदेश के स्कूली बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों से वर्चुअल बात करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना को लेकर सतर्क रहने, लापरवाही न करने और कोरोना नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे जल्द से जल्द टीकाकरण कराएं।

**जहां शंका, वहां ज्यादा सतर्कता :** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश में कोरोना की स्थिति में लगातार सुधार हुआ है। अब उन स्थानों पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां कोरोना बढ़ सकता है। हम पूरी तरह से सतर्क हैं। जांच भी उतनी ही की जा रही हैं, जितनी दूसरी लहर के दौरान की जा रही थीं। टीकाकरण में भी नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

### शहरी क्षेत्रों में चेकिंग बढ़ाई

पड़ोसी राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए प्रदेश के शहरी और कस्बाई क्षेत्रों में एक बार फिर सख्ती शुरू हो गई है। पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है और मास्क व शारीरिक दूरी के नियमों के तहत दिए गए निर्देशों के मुताबिक चेकिंग की जा रही है। राजधानी में भी प्रमुख चौराहों और रास्तों पर पुलिस मास्क की जांच कर रही है। इस दौरान यह भी देखा जा रहा है कि चार पहिया वाहन में कितने लोग बैठे हैं। निर्देशों के तहत वाहन में भी शारीरिक दूरी के नियम का पालन करना है।



### दूसरी लहर से सबक... तीसरी के लिए अंचल मुस्तैद

मालवा-निमाड़ (टीम नईदुनिया)। कोरोना महामारी की दूसरी लहर को लेकर अदूरदर्शिता का दंश हमने भोगा है। अब तीसरी लहर की आशंका है। ऐसे में नईदुनिया ने पड़ताल कर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की जानकारी ली।

**उज्जैन :** तीसरी लहर से निपटने के लिए चरक अस्पताल में 150 और माधवनगर में 200 बिस्तरों की व्यवस्था है। चरक अस्पताल में बच्चों के लिए 60 बेड का विशेष वार्ड भी बनाया है। तीन नए आक्सीजन प्लांट शुरू हो चुके हैं।

**खंडवा :** मेडिकल कालेज ने कोविड सेंटर के पास बिल्डिंग में 20 बिस्तरों का बच्चों का आइसीयू तैयार किया है।

**देवास :** जिला अस्पताल में 160 बेड तैयार हैं। अब 40 बेड का आइसीयू है। एक आक्सीजन प्लांट लग चुका है।

**रतलाम :** जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज व रेलवे अस्पताल में आक्सीजन प्लांट लग चुके हैं। बाल चिकित्सालय में 70 बेड का कोविड वार्ड बन रहा है।

### देश में फिर बढ़े मरीज : 41,649 नए संक्रमित मिले, 593 की मौत

नई दिल्ली (नईदुनिया न्यूज नेटवर्क)। कोरोना महामारी की दूसरी लहर में संक्रमण के नए मामले फिर बढ़ने लगे हैं। 24 घंटे में देश में 41,649 नए संक्रमित मिले हैं, वहीं 593 लोगों की मौत हुई है। अभी भी देश के 46 जिलों में संक्रमण दर 10 फीसद से ज्यादा बनी हुई है। तीसरी लहर की आशंका से सजग केंद्र सरकार ने संबंधित राज्यों से 10 से ज्यादा संक्रमण दर वाले जिलों में सख्ती बरतने को कहा है और लोगों की आवाजाही को भी प्रतिबंधित करने की सलाह दी है।

**केंद्र अलर्ट : 10% से ज्यादा संक्रमण दर वाले जिलों में सख्ती**

| | |
|---|---|
| **46** जिलों में संक्रमण दर 10 फीसद से ज्यादा | **53** जिलों में संक्रमण दर पांच से 10% के बीच |

केंद्र ने 10 राज्यों में फैले 10 फीसद से ज्यादा वाले 46 जिलों के साथ ही पांच से 10 फीसद संक्रमण दर वाले 53 जिलों में भी सख्ती बरतने को कहा है। संबंधित राज्यों से कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए इन जिलों में जांच तेज करने की भी सलाह दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को इन राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की और संक्रमण दर को लेकर चिंता जताई। इन राज्यों में केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, असम, मिजोरम, मेघालय, आंध्र प्रदेश और मणिपुर शामिल हैं।

नई दुनिया 1-8-2021

# हाईमास्ट का किया शुभारंभ



रतलाम | त्रिनेत्र महाकाल मंदिर चौराहे पर लगाए गए हाईमास्ट का शुभारंभ नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल के मुख्य अतिथि में किया। विधायक चेतन कश्यप द्वारा स्वीकृत हाईमास्ट के शुभारंभ पर दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के ज़िला संयोजक बंटी बोहरा, वार्ड नंबर 19 के संयोजक राजेंद्र चौहान, बूथ प्रभारी राम जोशी, दिनेश सोलंकी सहित अन्य मौजूद रहे। भास्कर

दै. भास्कर
1-8-2021

## हाईमास्ट से रोशन हुआ त्रिनेत्र महाकाल मंदिर चौराहा

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा स्वीकृत त्रिनेत्र महाकाल मंदिर चौराहे पर लगाए गए हाईमास्ट का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन कर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष अशोक पोरवाल के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल मंडल के अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बंटी बोहरा, वार्ड नंबर 19 के संयोजक राजेंद्र चौहान, बूथ प्रभारी श्रीराम जोशी, नरेश परदेशी, मनोज यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, मनीष मालवीय, विजय बाईवाल, मनीष कुमावत, दिनेश सोलंकी, कैलाश मईड़ा, राधा चौहान, उपस्थित थे।

नई दुनिया
1-8-2021

# मंदिर के पास स्ट्रीट लाइट नहीं होने से श्रद्धालु हो रहे परेशान

रतलाम | ईदगाह रोड स्थित श्री टेकेश्वर महादेव मंदिर के आस-पास स्ट्रीट लाइटें बंद होने से क्षेत्र में अंधेरा हो रहा है। साथ ही मंदिर के आस-पास गंदगी भी हो रही है। श्री टेकेश्वर महादेव मंदिर के नवयुवक मंडल के प्रभारी मांगीलाल बहादर ने बताया साफ-सफाई व स्ट्रीट लाइट

# गत वर्ष 42 मरीज, इस बार सात महीने में ही 59 मिले

## बचना जरूरी है ● कोरोना के खतरे के बीच अब डेंगू का डर, शहर में कल से होगा फीवर सर्वे

1-8-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के खतरे के बीच अब डेंगू का डर भी सताने लगा है। बरसात के सीजन में जलभराव वाले इलाकों में लार्वा पैदा होने लगा है, जिससे मच्छर बढ़ रहे हैं। मच्छरों को नष्ट करने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर जागरूक कर रहे हैं।

जिले में जनवरी से अब तक सात महीने में 59 डेंगू के मरीज मिल चुके है, जिसमें शहरी क्षेत्र के 17 और ग्रमीण क्षेत्र के 42 हैं, जबकि पिछले साल कुल 42 मरीज मिले थे। इस मान से इस डेंगू का प्रकोप बढ़ा और ग्रमीण क्षेत्रों में अधिक फैला है। डेगू के खतरे को ध्यान में रखते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहर के सभी 49 वार्डों में दो अगस्त से 14 अगस्त तक फीवर सर्वे होगा, जिसके लिए अलग टीमें बनी हैं। ये टीमें घर-घर जाकर फीवर सर्वे के साथ मलेरिया से बचाव के उपाय पर भी काम करेंगी।



रेड जोन एरिया पर विशेष नजर

ज्यादा मरीज वाले रेड जोन एरिया में विशेष नजर रखी जाएगी। मलेरिया विभाग नगर निगम के साथ इन क्षेत्रों में फागिंग कराने के साथ जलभराव वाले क्षेत्रों को खाली कराएगा। साथ ही ऐसे लोगों पर चालानी की कार्रवाई भी होगी जो जलभराव या गंदगी कर रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि बरसात के बाद डेंगू का खतरा बढ़ा, शहर के सभी वार्डों मे बुखार का सर्वे होगा। मरीज बढ़े हैं, लेकिन स्थिति को कंट्रोल कर लिया गया है।

### इस साल जिले में मिले मरीज

| शहर | मरीज | शहर | मरीज |
|---|---|---|---|
| रतलाम शहर | 17 | धौसवास | 01 |
| बांगरोद | 12 | नगरा | 01 |
| पल्दुना | 22 | उचवानिया | 01 |
| नामली | 02 | चितायत | 01 |
| दंतोड़िया | 01 | बिरमावल | 01 |

### ये हैं शहर के रेड जोन क्षेत्र

शहर के नयागांव, वीआइपी कालोनी, डोंगरे नगर, राजीव नगर, दीनदयाल नगर, पीएनटी कालोनी, अमृतसागर कालोनी, वेदव्यास कालोनी, निराला नगर, जवाहर नगर, रेलवे कालोनी और विनोबा नगर में अब तक डेंगू के मरीज मिल चुके हैं और इन्हें रेड जोन एरिया में लिया गया है।

### बांगरोद में मिले बुखार के 34 मरीज

बांगरोद में डेंगू के मरीज मिलने के बाद तीसरी बार लगातार 28 से 30 जुलाई तक सर्वे हुआ। इसमें सामान्य बुखार के 34 मरीज मिले हैं। इन्हें इनके घर में उपचार दिया गया है। अब डेंगू व मलेरिया के एक भी मरीज नहीं हैं। तीन के सर्वे में 624 घरों में टीम ने जाकर सर्वे किया।

नईदुनिया

1-8-2021

स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी करेंगे आंदोलन

# माह 31 का हो या 30 का, वेतन सिर्फ 29 दिन का ही मिलता है

रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नए सप्ताह में आंदोलन करने की योजना को अंतिम रुप दे रहे हैं। इसके पूर्व वे प्रशासक व कलेक्टर को अंतिम सूचना पत्र देंगे। इनका कहना है कि विभिन्न मांग पर सुनवाई तो दूर, 425 कर्मचारियों को माह 31 दिन का हो या 30 दिन का वेतन 29 दिन का ही मिलता है।

असल में 1975 से सफाई बेहतर हो इसके लिए नगर पालिका में यह व्यवस्था की गई थी की जिस दिन कर्मचारी अवकाश पर हो उसके बदले बदली वाला कर्मचारी काम करें। तत्कालीन महापौर पारस सकलेचा के कार्यकाल में 2004 तक यह व्यवस्था चलती रही। बाद सकलेचा ने कर्मचारियों से 24 दिन तक काम लेने के नियम को फिक्स किया। जब महापौर के रुप में शैलेंद्र डागा आए तो उन्होंने 24 दिन को बढ़ाकर पूरे 30 दिन किया। इन बदली वाले कर्मचारियों को मस्टर कर्मचारी माना गया।

इन कर्मचारियों को पूरे 30 दिन तक का काम तो मिला, लेकिन करीब 400 सफाई कर्मचारी ऐसे भी है जिनको इस योजना में विनिमियतिकरण का लाभ नहीं दिया गया। जबकि यह सभी 2016 के पूर्व के थे। इतना ही नहीं विशेष नालों की गैंग हो या मैजिक में रखे गए कर्मचारी इन सभी को इस योजना में लाभ नहीं दिया गया। कर्मचारी काम तो माह अनुसार 30 या पूरे 31 दिन करते है, लेकिन वेतन 29 दिन का ही मिलता है।

## इसलिए देंगे ज्ञापन

कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष राम कल्याणे के अनुसार अगले सप्ताह में प्रशासक व कलेक्टर को मंगलवार को ज्ञापन दिया जाएगा। इसमे सात दिन में सुनवाई नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन की सूचना दी जाएगी। सुविधाएं मिलता तो दूर, पूरे माह काम करके वेतन 29 दिन का ही 400 से अधिक कर्मचारियों को दिया जा रहा है।

पत्रिका
1-8-2021

### कलेक्टर ने सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए

# अन्न उत्सव आयोजन जिले में वृहद स्तर पर आयोजित किया जाए

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 1-8-2021

प्रदेश में सात अगस्त को अन्न उत्सव का आयोजन होगा जिसमें जिले में भी वृहद स्तर आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आयोजन को लेकर जिले के समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगर निकाय एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यह आयोजन पूरे प्रदेश का महत्वपूर्ण आयोजन है। यह आयोजन प्रदेश को पूरे देश में रिप्रेजेंट करेगा इसलिए इसमें किसी तरह की कमी नहीं रहना चाहिए। व्यवस्थाओं को लेकर कोई कोताही भी नहीं बरतें।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एडीएम श्रीमती जमुना भिड़े, रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत, रतलाम ग्रामीण एसडीएम एम.एल. आर्य, जिला पूर्ति अधिकारी एच.एस. चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने अन्न उत्सव आयोजन के लिए की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को ''अन्न उत्सव'' में दिया जाने वाले खाद्यान्न को झोले में वितरित किया जायेगा। जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों, सभी सहकारी समितियों, भंडारों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों को नियमित रूप से खोला जाये तथा वितरित की जाने वाली सामग्री का पर्याप्त भंडारण रखा जावे। हितग्राहियों को सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं हेतु दुकान पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकान की सफाई के साथ रंगाई-पुताई का कार्य तथा खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने का कार्य करें। उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाली सहकारी संस्था का नाम, दुकान का नाम, सामग्री वितरित किए जाने वाले ग्रामों के नाम आदि आवश्यक जानकारी बोर्ड पर अंकित कर प्रदर्शित की जावें। संस्था द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विवरण एवं उसके अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं का विवरण दुकान के भवन पर स्थाई पेंट से लिखवाया जाकर प्रदर्शित किया जाये। उचित मूल्य दुकानों के सेल्समेनो को निर्देशित किया गया है कि दुकान पर योजना के बैनर पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के चित्र भी प्रदर्शित किये जाये। इस कार्यक्रम का टीवी पर भी प्रसारण होगा। इसके लिए सभी कार्यक्रम स्थलों पर टीवी सेट रखकर प्रसारण की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लिंक पृथक से भेजी जायेगी। इस कार्यक्रम हेतु समय पर पर्याप्त उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधि भी दुकान पर उपस्थित रहें। यह संख्या 100 से अधिक रहे, प्रत्येक दुकान पर एक शासकीय नोडल अधिकारी होगा।

## अधिकारियों को देंगे प्रशिक्षण

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी एसडीएम, नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित करें और उन्हें आयोजन को लेकर ताकीद करें। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को उत्सव में अन्न प्रदान किया जाना है उन्हें एक दिन पूर्व आमंत्रित किया जाए, उनकी सूची पूर्व से बना ली जाए। उनके बैठने की पर्याप्त व्यवस्था आयोजन स्थल पर की जाए। आयोजन में जनप्रतिनिधियों को अतिथि के बतौर उपस्थित करने हेतु आमंत्रित किया जाए। साथ ही ग्रामवार क्राइसिस मैनेजमेंट कमिटी, सतर्कता समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाए।

राजस्थानप्रेस
1-8-2021

(15)

# तीसरी लहर के मद्देनजर वैक्सीनेशन तेजी से होगा

## सीधे कलेक्टर कर रहे तैयारियों की मॉनिटरिंग, दूसरी लहर की खामियों की समीक्षा भी शुरू की

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-8-2021

कोरोना की तीसरी लहर की आहट पाकर सरकारी अमले ने निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। सबसे ज्यादा फोकस वैक्सीनेशन तेजी से करने पर है। इसके अलावा जरूरी प्रतिबंध भी लगाए जा रहे हैं। शनिवार को कोविड प्रभावित केरल से आने वाले लोगों के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई। इसके अनुसार केरल से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पहले कंट्रोल रूम पर जानकारी देना होगी।

स्वास्थ्य विभाग उनकी स्क्रीनिंग करेगा। किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर इलाज करने के साथ ही लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। दूसरी लहर में सामने आई खामियों से सीख लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम खुद तीसरी लहर से निपटने के इंतजामों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शनिवार को कलेक्टर कुमार ने स्वास्थ्य सहित सभी विभागों को अलर्ट कर दिया है।

### कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की हमारी अब तक ये तैयारी

- **मेडिकल कॉलेज** - स्पेशल ओपीडी बना दी गई है, 550 बेड रिजर्व, ही बच्चों के लिए विशेष वार्ड बन चुका। इसमें बच्चे माता-पिता के साथ रह सकेंगे। उनके मनोरंजन का इंतजाम भी किया गया है।
- **बाल चिकित्सालय** - 50 लाख के खर्च से 75 पलंग का स्पेशल चिल्ड्रन वार्ड बनाया जा रहा है। इसके लिए रिनोवेशन लगभग पूरा हो चुका है। अगस्त मध्य तक तैयार हो जाएगा। इसके अलावा 30 बेड का पीआईसीयू भी रेडी पोजीशन में है।
- **स्वास्थ्य केंद्र** - जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र में अभी से पांच-पांच बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। इसके अलावा जरूरी दवाइयां भी पहुंचा दी गई हैं। ऑक्सीजन सिलेंडर भी रिफिलिंग कराकर रिजर्व रखे गए हैं।

### सैलाना और बाजना में वैक्सीनेशन धीमा

शनिवार को जिले के 99 स्थानों पर कोरोना का टीका लगाया गया। रतलाम में 14 स्थानों पर वैक्सीनेशन हुआ। कलेक्टर ने प्रोग्राम में और तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले के सैलाना और बाजना क्षेत्र में अभी भी वैक्सीनेशन की रफ्तार बहुत धीमी है। शनिवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एसडीएम को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बाजना में वैक्सीनेशन का प्रतिशत बहुत कम है। समीक्षा के दौरान जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, एडीएम जमुना भिड़े भी मौजूद रहीं।

*केरल के आंकड़ों ने चिंता बढ़ा दी है। जिलेवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं। वैक्सीनेशन ड्राइव को अगले सप्ताह से और तेज किया जाएगा। स्वास्थ्य अमले को अलर्ट कर दिया है। तीसरी लहर को लेकर हमारी तैयारी पूरी है।*
**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर

दै. भास्कर 1-8-2021

# स्टाफ को ट्रेनिंग, संसाधन बढ़ाए, अब सावधानी जरूरी

## कोरोना की तीसरी लहर की आशंका, स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी पर ध्यान

1-8-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की दूसरी लहर में बिगड़े हालात को ध्यान में रख जिले में अब स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया गया है। तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए अस्पतालों में बेड, आक्सीजन बढ़ाने के साथ ही स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया गया है। जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, रेलवे अस्पताल, बाल चिकित्सालय सहित आलोट, जावरा के सिविल अस्पतालों में भी संसाधन बढ़ाए गए हैं। बाल चिकित्सालय में 70 बेड का कोविड वार्ड बनाया जा रहा है। अभी जिले में प्रतिदिन मिलने वाले मरीजों की संख्या 0 से एक के बीच है, लेकिन शारीरिक दूरी का पालन नहीं करने व भीड़ बढ़ाने वाले आयोजन होने पर संक्रमण की रफ्तार बढ़ सकती है। जुलाई माह में कुल 18 मरीज मिले और 58 स्वस्थ हुए। अभी एक्टिव मरीजों की संख्या दो है। अच्छी बात यह है कि इस महीने किसी मरीज की मौत नहीं हुई।





सैलाना रोड पर बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज। ●फाइल फोटो

**महामारी से लड़ाई की तैयारी इस तरह :** जिला अस्पताल में नवीन अत्याधुनिक सेंटर लैब स्थापित की गई है, जिसमें लगभग 150 प्रकार की जांचें की जा रही है। इसमें रक्त से संबंधित कोविड की जांच भी की जाती है। जिला चिकित्सालय में सिटी स्कैन मशीन की स्वीकृति मिलने के बाद मशीन [आ]ने वाली है। आवश्यक दवाइयों एवं उपकरण के लिए भी राज्य स्तर से स्वीकृति मिल गई है।

**आक्सीजन प्लांट-** मेडिकल कालेज में 965 एलपीएम, जिला अस्पताल में 500 एलपीएम, सिविल हास्पिटल जावरा में 360 एलपीएम का प्लांट तैयार है। रेलवे अस्पताल में भी प्लांट लगाया गया है। जिला अस्पताल में 10, मेडिकल कालेज में 100 तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर 150 आक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं।

### जिले के अस्पतालों में उपलब्ध बेड

| | |
|---|---|
| कुल बेड | 1029 |
| आइसीयू वेंटीलेटर | 58 |
| एचडीयू | 221 |
| आक्सीजन बेड | 420 |
| नान आक्सीजन | 330 |

**मेडिकल कालेज :** कुल 550 बेड, 56 आइसीयू वेंटीलेटर, 172 एचडीयू, 120 आक्सीजन तथा 202 बिना आक्सीजन के बेड उपलब्ध हैं।

### संसाधनों की स्थिति

| उपकरण | जिले में | मेडिकल कालेज |
|---|---|---|
| वेंटीलेटर | 07 | 60 |
| बाइपेप | 02 | 19 |
| सिपेप | 01 | 10 |
| हाई फ्लो | 02 | 10 |
| डी टाइप | 422 | 281 |

### केरल से आने वालों को सूचना देना जरूरी

केरल में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब वहां से जिले में आने वाले नागरिकों को अपने क्षेत्र के कंट्रोल रूम पर सूचना देना अनिवार्य किया गया है। अनिवार्यत सात दिन के लिए होम क्वारंटाइन रहेंगे। जिले में सात दिन से कम अवधि के लिए आने वालों को 48 घंटे में आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगी और रतलाम शहर के लिए 07412242400, रतलाम ग्रामीण 8827313364, सैलाना 07413278630, जावरा 8602457916, आलोट 07410230428 पर सूचना देना होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी।

### पांचवें दिन एक भी नया पाजिटिव केस नहीं

जिले में लगातार चौथे दिन शनिवार को एक भी नया पाजिटिव केस सामने नहीं आया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या दो है। जिले में अब तक 17500 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17187 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

### हर पीएससी पर पांच बेड का अस्पताल



जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच बेड का अस्पताल संचालित करने की तैयारी है। इन केंद्रों पर कार्यरत 25 सेक्टर मेडिकल आफिसर को टीओटी का प्रशिक्षण मेडिकल कालेज के प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया है। इसके अंतर्गत एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों में कोविड-19 के संभावित संक्रमण के लक्षण एवं जांच एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया ताकि मैदानी स्तर पर ही बच्चों को उचित प्राथमिक उपचार मिल सके। प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के माध्यम से नवनियुक्त 20 नर्सिंग स्टाफ व शासकीय मेडिकल कालेज में 114 नवनियुक्त नर्सिंग स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया गया है।

### सर्वे में कर रहे जांच

जिले में किल कोरोना 4 का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मेडिकल टीम द्वारा सर्वे में पाए गए संदिग्ध मरीजों की जांच कर मेडिकल किट दी जा रही है। जिले में 14 फीवर क्लीनिक एवं एक कलेक्शन सेंटर के माध्यम से सैंपल लिए जा रहे हैं। प्रत्येक विकासखंड में एक-एक आरआरटी एवं जिला मुख्यालय पर पांच आरआरटी टीमों के माध्यम से संदिग्धों के सैंपलिंग हो रही है। जिले में माइग्रेटेड संक्रमण को रोकने के लिए जिले के सभी प्रवेश नाकों पर बाहर से आने वाले की जांच की जा रही है।

> जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों सहित मेडिकल कालेज में उपचार के साधन बेहतर किए गए हैं। इसके साथ ही कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने पर भी जोर दिया जा रहा है। सावधानी रखने से ही संक्रमण की तीसरी लहर को रोका जा सकेगा।
>
> -कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर

नई दुनिया 1-8-2021

(3)

# गंदगी फैलाने पर 6 व्यक्तियों पर 6250 रुपए का जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-8-2021

गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। शनिवार को 6 व्यक्तियों से 6250 रुपए का जुर्माना किया गया।

इनमें अफजल गोशाला रोड पर 1000 रुपए, राजेंद्र वर्मा तेजा नगर पर 750 रुपए, कमल मोहन नगर पर 500 रुपए, यादव रेस्टोरेंट व श्रीराम पान कार्नर डालू मोदी बाजार पर 250 रुपए, राजू बरवड़ रोड पर 100 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान ने की।

डे.भास्कर
1-8-2021

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 19 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

1-8-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर

• जुर्माने के रूप में 6250 की राशि

**मौसम** जलस्रोतों में आया पानी, भूमिगत जलस्तर में भी हुई वृद्धि

# जिले में अब तक 19 इंच से ज्यादा बारिश



रतलाम में शनिवार को रिमझिम बारिश से सड़कें गीली होती रही। ● नईदुनिया

**रतलाम।** जिले में बीते एक सप्ताह से कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का सिलसिला जारी है। इससे जहां जलस्रोतों के पानी एकत्र हो रहा है, वहीं भूमिगत जलस्तर में भी वृद्धि हो रही है। वातावरण भी ठंडा हो गया है। अब तक 19 इंच से अधिक पानी बरस चुका है। यह गत वर्ष से तीन इंच से ज्यादा है। शनिवार को भी रुक-रुककर सावन के सेरे आते रहे। दिन में धूप खिल गई। इससे मौसम खुशनुमा बना रहा। जिले की कुल सामान्य बारिश 918.3 मिमी और अब तक की 415.4 मिमी है। जिले में शनिवार को धूप-छांव का खेल चलता रहा। आसमान में बादलों व सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 4.1 मिमी औसत बारिश हुई। आलोट, रावटी तहसील में एक-एक मिमी, ताल, पिपलौदा में तीन-तीन मिमी, बाजना में छह मिमी, रतलाम में 12 मिमी, सैलाना तहसील में सात मिमी पानी बरसा।

**आलोट-बाजना तहसील पीछे**

गत वर्ष के मुकाबले जिला औसत और सामान्य बारिश में आगे निकल चुका है, लेकिन आलोट व बाजना तहसील पिछड़ी हुई है। आलोट तहसील में 21 मिमी और बाजना में 56 मिमी कम बारिश हुई है, वहीं जावरा तहसील में 257 मिमी, ताल में 139.8 मिमी, पिपलौदा में 180 मिमी, रतलाम में 79 मिमी, रावटी में 2.4 मिमी और सैलाना में 147 मिमी अधिक पानी बरसा है।

## जिले की तहसीलों में बारिश की स्थिति

| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश (मिमी) |
|---|---|---|
| आलोट | 415.0 | 436.0 |
| जावरा | 677.0 | 420.0 |
| ताल | 589.0 | 449.2 |
| पिपलौदा | 424.0 | 244.0 |
| बाजना | 342.0 | 398.0 |
| रतलाम | 426.0 | 347.0 |
| रावटी | 437.0 | 434.6 |
| सैलाना | 562.0 | 415.0 |
| औसत | 484.0 | 393.0 |

नई दुनिया

1-8-2021

# 77 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को 77 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली से 36990, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23595, काम्पेक्टर गीला कचरा 15180, मैजिक से 1375 किलो इस तरह कुल 77140 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।